विक्टर एम्ब्रस

जब मिश्का आठ साल की था, तो उसके दादाजी ने उसके लिए एक सारंगी बनाई. जल्द ही मिश्का सारंगी पर 'द ब्लू डेन्यूब' की धुन इतनी अच्छी तरह से बजा सका कि वो अपना भाग्य तलाशने के लिए निकल पड़ा.

मिश्का ने एक सर्कस में नौकरी के बारे में पूछताछ की, लेकिन शो में एक सारंगी वादक के विचार पर हर कोई उस पर हंसा. फिर भी, रिंगमास्टर ने मिश्का को छोटे-मोटे काम करने वाले हेल्पर के रूप में रख लिया - और हालांकि मिश्का ट्रेपेज़ पर अच्छा नहीं था, और घुड़सवारी में उससे भी बदतर निकला, लेकिन फिर एक दिन मिश्का को दुनिया के सामने अपनी सारंगी बजाने का मौका मिल गया!

मिश्का

विक्टर एम्ब्रस

जब मिश्का आठ साल का था, तब उसके दादाजी ने उसके लिए एक सारंगी बनाई और उसे 'द ब्लू डेन्यूब' गीत बजाना सिखाया.

मिश्का ने दो बकरियों, तीन मुर्गियों और चार बत्तखों के लिए वो गीत बजाया, लेकिन वो जल्द ही इतने कम दर्शकों से ऊब गया, और फिर प्रसिद्धि पाने के लिए वो अपने घर से निकल पड़ा.

वो अभी ज्यादा दूर नहीं गया था जब वो एक सर्कस - हॉफमैन्स सर्कस में पहुंचा. "निश्चित रूप से मैं यहाँ प्रसिद्धि पा सकता हूँ!" मिश्का ने सोचा और फिर वो अंदर गया.

मिश्का, रिंगमास्टर के पास गया और उसने पूछा कि क्या उन्हें अपने शो में 'द ब्लू डेन्यूब' बजाने के लिए एक अच्छे सारंगी वादक की ज़रूरत थी.

मिश्का की बात सुनकर सर्कस के लोग हँसे, लेकिन रिंगमास्टर ने कहा कि उन्हें छोटे-मोटे काम करने वाले एक हेल्पर की ज़रूरत थी.

"कुछ नहीं से तो यही बेहतर है," मिश्का ने सोचा. और फिर रिंगमास्टर ने उसे जो पहला काम दिया वो था हाथियों की लीद की सफाई करना.

जब वो हाथियों का मल साफ़ कर चुका, तब रैवियोली ब्रदर्स ने उसे ट्रेपेज़ पर उठाया, और कुछ अभ्यास के लिए उसे इधर-उधर फेंका.

उसके बाद, उसने कर्नल गॉलाश की मदद की, जो अपने शेरों का सामना नहीं कर पा रहे थे. शेर, कर्नल की वर्दी को नोच रहे थे, और उन्हें कोई सम्मान नहीं दे रहे थे.

फिर मिश्का ने शेरों के लिए 'द ब्लू डेन्यूब' की धुन बजाई और उन्हें बड़ी खूबसूरती से शांत किया.

फिर दोनों घुड़सवारों ने मिश्का को घोड़ों पर चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन मिश्का ने वहां बीमार महसूस किया, और उसने जल्दी उतरने की कोशिश की.

फिर रिंगमास्टर, मिश्का को अपने साथ मसखरों की मदद के लिए ले गया. मसखरों ने उसके ऊपर पानी की बाल्टियाँ फेंकी - लेकिन मिश्का को उनका मज़ाक बिल्कुल पसंद नहीं आया.

रनिंग वॉटर, नाम ने इंडियन ने लक्ष्य पर चाकू फेंकने के अभ्यास के लिए मिश्का का इस्तेमाल किया - लेकिन मिश्का उसके लिए गलत आकार का निकला. फिर मिश्का को भूरे भालू को नहलाने—और समुद्री शेर को मछली खिलाने का काम भी करना था.

मिश्का को लगा कि वो उन छोटे-मोटे कामों से कभी भी प्रसिद्ध नहीं होगा.

फिर, एक दिन, हाथी के ट्रेनर को जुकाम हो गया, और मिश्का ने उसकी जगह लेने की पेशकश की.

मिश्का, मिस्टर हॉफमैन के सबसे बड़े हाथी को बाहर लाया. वो हाथी के सिर पर चढ़कर उल्टा खड़ा हो गया, और उसने अपनी सारंगी पर 'द ब्लू डेन्यूब' की गीत बजाया.

मिश्का को सुनकर लोग पागल हो गए. उन्होंने उसकी जय-जयकार की और ज़ोरदार तालियां बजाईं, जबकि रिंगमास्टर एक कोने में चिल्लाता रहा.

जैसे ही मिश्का सर्कस का स्टार बना, वैसे ही लोग हाथी के सिर पर उसके द्वारा बजाए 'द ब्लू डेन्यूब' गीत को सुनने के लिए उमड़ पड़े.

मिस्टर हॉफमैन टिकट बेंचते-बेंचते थक गए. उन्होंने इतना पैसा कमाया कि उन्होंने एक उससे भी बड़ा हाथी खरीदने का फैसला किया.

क्योंकि अब मिश्का अब बहुत व्यस्त था और अपने संगीत के लिए बहुत प्रसिद्ध था इसलिए रिंगमास्टर को स्वयं हाथियों का मल साफ़ करना पड़ा.

"किसी को वो करना ही है!" मिश्का ने कहा. और उसके बाद वो एक नए गीत, 'रेडेट्स्की मार्च' का अभ्यास करने लगा.